News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-93
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया


**आज का विचार**

मित्रता आनंद को दोगुना और दुख को आधा कर देती है।


# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार, 08 जुलाई 2024




# बिहार में ठनका गिरने से 8 लोगों की मौत

## कैमूर में 5 और जमुई में 3 की गई जान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

जमुई, बिहार के जमुई और कैमूर जिले में भारी बारिश के दौरान ठनका गिरने से 8 लोगों की जान चली गयी है। कैमूर में 5 और जमुई में 3 लोगों की मौत हुई है। वही दो लोग के घायल होने की सूचना है।

सबसे पहले बात कैमूर की करते हैं तो जिले के अलग-अलग इलाकों में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

मृतक के परिजनों के अनुसार पहली घटना कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र के सातों एवती गांव में स्वर्गीय कपिल पाल के पुत्र सुग्रीव पाल भैंस चराने के लिए निकले हुए थे। इसी बीच तेज वर्षा होने लगी तभी आकाशीय बिजली इन्हीं के ऊपर गिर पड़ी। जिसमें उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना सिझुआ में घटी जहां धान की रोपनी करने के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई जिसमें रामजस बिंद की बेटी सीता मुनि कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके साथ रहे रामबचन बिंद की बेटी चंदा देवी और राम अवध बिंद की बेटी गीता



देवी घायल हो गई । जिनका उपचार रेफरल अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है।

तीसरी घटना कुढनी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में घटी, खेत में मजदूरी करने के दौरान रामचरित बिंद के पुत्र शिवजी बिंद के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई । वहीं चौथी घटना बेलांव थाना क्षेत्र के पुनाव गांव में घटी जहां मनोज सिंह का 17 वर्षीय पुत्र भैंस चराने के लिए खेतों में गया हुआ था तभी तेज वर्षा होने लगी तो वह छिपने के लिए पेड़ के नीचे चला आया और बिजली उसी के ऊपर गिर गई ,जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पांचवीं घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर खुर्द में घटी जहां खेती कार्य में लगे रामकवल बिंद के 30 वर्षीय पुत्र रामनिवास बिंद के ऊपर जा गीरा जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सभी के शव का सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

वज्रपात से मौत की दूसरी घटना जमुई की है जहां एक मोबाइल चलाने के दौरान तो दूसरा खेत में पटवन और तीसरा मवेशी चराने के दरमियान ठनका बिजली के चपेट में आने से मौत हो गयी है। जमुई में तीन अलग-अलग जगह पर हुए वज्रपात की चपेट में आने से दो किसान सहित एक की मौत हो गई। पहली घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के चारण गांव की है। जहां किसान की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई ।मृतक की पहचान चारण गांव निवासी देवी यादव के 38 वर्षीय बेटे,tul यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि कारू शनिवार की शाम हो रहे वर्ष के बीच अपने खेत में पटवन करने के लिए जा रहा था।

जैसे ही वह अपने घर के आगे खेत की ओर बढ़ा तभी अचानक वज्रपात हो गई। जिसकी चपेट में आने से कारू यादव की मौत हो गई। जबकि दूसरी घटना लक्ष्मीपुर प्रखंड के चिनवेरिया गांव की है। जहां नागौर पासवान के 25 वर्षीय बेटे राजू कुमार अपने घर के पास मोबाइल देख रहा था। तभी अचानक वज्रपात की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए लक्ष्मीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होते देख इलाज कर रहे।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफरल कर दिया। जहा लेकर जाने के दौरान उसकी मौत रास्ते में ही हो गई तीसरी घटना अलीगंज प्रखंड के कोडवारिया पंचायत के हिल्स गांव की है जहां मवेशी चराने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई मृतक की पहचान अलीगंज प्रखंड के हिल्स निवासी महेंद्र यादव के 12 वर्षीय बेटे सौरभ कुमार के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है।

# बिहार में अब डराने लगी भारी बारिश

## नदियों के जलस्तर में वृद्धि, पलायन शुरू

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**



बिहार में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है. राज्य के पांच जिलों में आज भी भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है. मौसम विभाग के अनुसार अररिया, मधुबनी सुपौल कटिहार और किशनगंज में एक दो स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं. दक्षिण पूर्व बिहार को छोड़ पटना गया समेत अन्य जिलों में अगले दो-तीन दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है. बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि हो रही है. पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद पश्चिम चंपारण के निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर तबाही मचाने लगा है.

आलम यह है कि अब बिहार के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बनते दिख रहे हैं. आने वाले दिनों में अन्य शहरों में भी बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है. वहीं बगहा दो प्रखंड के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के चकदहवा, झंडू टोला, बिन टोली, कानी टोला के साथ ही पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदहा, बलुआ ठोरी और मंझरिया के गांवों में गंडक नदी का पानी घुसने लगा है. कई परिवार गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंच गया है. वहीं कई परिवार पानी से खुद को बचाते हुए जद्दोजहद कर रहा है.

पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सभी प्रखंडों के सीओ और बीडीओ को प्रभावित गांवों में कैंप कर हालात पर नजर रखने का निर्देश दिया है. वहीं निचले इलाकों से तेजी से लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचा जा रहा है. हालांकि ताजा अपडेट के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर फिलहाल स्थिर है. 4 लाख 40 हज़ार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज जारी है. वहीं वाल्मीकिनगर में नेपाल की अन्य नदियों का जलस्तर स्थिर. वहीं इससे पहले गंडक बराज पर नदी का जलस्तर गातार बढ़ रहा था.

वहीं गोपालगंज में मेघ गर्जन के साथ लगातार बारिश हो रही है. आज मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं, वज्रपात से एक युवक की मौत हो गयी है, जबकि दो महिलाएं झुलस गईं हैं. आपदा विभाग ने लोगों से मेघ गर्जन के दौरान खेतों की ओर नहीं जाने की अपील किया है. वहीं, भारी बारिश के बीच धान की रोपनी में लग गए हैं.

### बिहार के लाल ने किया कमाल

# सिविल सर्विसेज की नौकरी छोड़ ब्रिटेन के बने सांसद

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**



**मुजफ्फरपुर**- ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बन गई है। बिहार के मुजफ्फरपुर के लाल ने तो कमाल कर दिया है। ब्रिटेन के आम चुनाव में जीत हासिल कर वो ब्रिटेन में सांसद बन गए हैं। हम बात कर रहे हैं बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले कनिष्क नारायण की जिन्होंने वेल्स से जीत हासिल की है। कनिष्क नारायण वेल्स यूनाइटेड किंगडम (यूके) में रह रहे संतोष कुमार और चेतना सिन्हा के पुत्र हैं। वो वेल्स यूके से लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए हैं।

बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले कनिष्क नारायण निर्वाचित यूके के सांसद बन गये हैं। वेल्स यूके से लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रुप में जीत दर्ज कर वो सांसद बने हैं। इससे पहले कनिष्क सिविल सर्विस में थे। ब्रिटेन में चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ चुनाव के मैदान में उतर गये। वो कैमरॉन के साथ पर्यावरण विभाग में भी काम कर चुके हैं। सांसद बनने के बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

मुजफ्फरपुर निवासी और वर्तमान में वेल्स यूनाइटेड किंगडम में रह रहे संतोष कुमार और चेतन सिन्हा के पुत्र कनिष्क नारायण वेल्स यूके से लेबर पार्टी की उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज कर सांसद बने हैं ..33 वर्षीय कनिष्क सिविल सर्विस में थे चुनाव की घोषणा के बाद नौकरी से इस्तीफा देकर मैदान में उतरे..14 साल बाद कंजरवेटिव पार्टी सत्ता से बाहर हुई.. कनिष्क नारायण लोकसभा सांसद निर्वाचित होने की खबर सुनते ही मुजफ्फरपुर में बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है..कनिष्क एसकेजे लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार का भतीजा हैं..करीब दो महीने पहले वह एक पारिवारिक पूजा में शामिल होने के लिए माता-पिता के साथ भारत आए थे.. लेकिन चुनावी व्यस्तता के कारण दिल्ली से ही वापस लौट गए.. कनिष्क के सांसद बनने की सूचना मिलने पर शहर के दामु चक स्थित सांधो अपार्टमेंट में जश्न शुरू हो गया.. मूल रूप से वैशाली के गोरौल स्थित सोंधो के रहने वाले स्वर्गीय कृष्ण कुमार व बीना देवी बहुत साल पहले मुजफ्फरपुर में दामों चक में बस गए थे..कनिष्क का जन्म मुजफ्फरपुर में हुआ..तीसरी कक्षा तक की पढ़ाई भी शहर से पूरी की..उसके बाद दिल्ली में पढ़ाई पूरी की..जब 12 साल के थे तब माता पिता के साथ ब्रिटेन चले गए..

चाचा जयंत कुमार एसके लॉ कॉलेज के निदेशक हैं..चाचा जयंत कुमार ने कहा की मुजफ्फरपुर सहित पूरे देश का गौरव बढ़ाया है उन्होंने कहा की ब्रिटेन उनका थर्ड होम है ..भाई के परिवार के साथ ही बेटी दामाद भी वहां रहते हैं..पारिवारिक कार्यक्रमों में आना जाना लगा रहता है..कनिष्क के पिता संतोष कुमार माता चेतन सिन्हा कार्डिफ वेल्स में सौलिस्तर हैं कनिष्क ने ब्रिटेन में रहने वाले एशियाई मूल के अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि छात्रवृत्ति के साथ ई टेन ऑक्सफोर्ड व स्टेनफोर्ड अमेरिका से ऊंच शिक्षा प्राप्त की.कनिष्क लोक सेवक के रूप में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम डेविड कैमरौन के साथ पर्यावरण विभाग में काम किया..

# नीतीश ने नहीं हमको रुपौली की जनता ने विधायक बनाया

## बोली बीमा भारती..कुछ भी बोलने से पहले उनको सोचना चाहिए कि वो क्या बोल रहे हैं?

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**पूर्णिया**- रुपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल के समर्थन में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे थे। इस दौरान वे रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती पर जमकर बरसे थे। कहा था कि बीमा भारती अब फिर से चुनाव लड़ रही है। हम उसको तो राज्य सरकार में मंत्री तक बनाये। उसको कुछ बोलने आता था जी तब भी हम उसको आगे बढाए। इतना हम सबको इज्जत देते रहे। हमको कोई छोड़कर भागता है तो गड़बड़े है ना।

हमलोगों को तो आप लोग जानते ही हैं। हमारा तो रिश्ता बहुत पुराना है ना भाई। हमलोग तो दो बार अलग हो गये है इस बार भी अलग हो गये तो ठीक नहीं लगा। 1995 से हमारा रिश्ता है। जिन लोगों को हम इज्जत दिया वो भाग गया तो भागने दिजिए। अब फिर से रुपौली उपचुनाव होने वाला है। अब फिर से चुनाव लड़ रही है। राजद के टिकट पर रुपौली विधानसभा चुनाव में खड़ी हुई है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बयान से गुस्साई बीमा भारती ने कहा कि हमको नीतीश कुमार नहीं भेजे हैं उसको सोचना चाहिए कि वो क्या बोल रहे है। हमको वो नहीं विधायक बनाए है रुपौली की जनता बनायी है। रुपौली की जनता का समर्थन और प्यार से हम विधायक बने। हमने रुपौली में इतने दिन में बहुत काम किया है। अपने विधानसभा को सजाने संवारने का काम किया है। पहले 2000 में जब हम रुपौली में चुनाव जीते थे तब यहां कोई सड़क भी नहीं था। यहां हमने सड़कों का जाल बिछवाया है।

बता दें कि रुपौली विधानसभा का उपचुनाव होने वाला है। यहां महागठबंधन और एनडीए के बीच सीधी टक्कर है। एनडीए की ओर से जेडीयू ने कलाधर मंडल को चुनाव के मैदान में उतारा है तो वही महागठबंधन की तरफ से आरजेडी ने प्रत्याशी के तौर पर बीमा भारती को उतारा है। 6 जुलाई को जेडीयू प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रुपौली आए थे तब उन्होंने आरजेडी प्रत्याशी बीमा भारती पर जमकर हमला बोला था। उसी हमले का जवाब आज बीमा भारती ने दिया है।

आरजेडी प्रत्याशी बीमा भारती ने कहा कि यहां बीमा भारती भारी पड़ रही है इसलिए नीतीश कुमार को अपने प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए कल आना पड़ गया। रूपौली की महान जनता ने पहली बार मुझे विधायक बनाया ना कि नीतीश कुमार ने बनाया। नीतीश कुमार को कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए कि वो क्या बोल रहे हैं।

# सिविल कोर्ट के कर्मी गोल्डेन पासवान की हत्या पर भड़के चिराग

## एसपी को फोन लगाकर कहा..हफ्ते भर के भीतर होनी चाहिए कार्रवाई

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**सिवान**- पिछले महीने 19 जून को सीवान के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छोटपुर के पास सिविल कोर्ट के कर्मचारी 26 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ गोल्डेन पासवान की अपराधियों ने दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। मृतक महादेवा थाना क्षेत्र के महादेवा मिशन निवासी स्व. नवल किशोर मांझी का पुत्र था। मृतक के भाई के बयान पर मुफ्फसिल थाने में कांड संख्या 348 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी मुन्ना चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि अन्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

केंद्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान रविवार को मृतक के परिजनों से मिलने सीवान पहुंचे। इस दौरान सीवान के सांसद विजय लक्ष्मी कुशवाहा भी उनके साथ थीं। पीड़ित परिवार से मिलकर चिराग पासवान ने घटना पर दुख जताया और उन्हें सांत्वना दी। चिराग पासवान ने हरसंभव मदद का भी भरोसा जताया। चिराग पासवान ने मृतक की बहन से घटना की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने सीवान के एसपी को तुरंत फोन लगाया। फोन पर उन्होंने सीवान एसपी से कहा कि घटना के इतने दिन हो गये हैं अभी तक एक ही अपराधी पकड़ा गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं हुई। चिराग ने कहा कि हफ्ते भर के अंदर इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए।

पीड़ित परिजनों से मिलने के बाद चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत की। कहा कि इस मामले को लेकर आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से भी मिला था। उन्हें भी इस घटना की जानकारी दी गयी है। चिराग पासवान ने कहा कि कोर्ट कर्मी गोल्डेन पासवान की हत्या के मामले में



पुलिस की सुस्ती नजर आ रही है। यदि पुलिस वाले भी दोषी होंगे तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। दोषी चाहे कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा।

बता दें कि घटना 19 जून 2024 की है। जब बहन को परीक्षा दिलाने के लिए सिविल कोर्ट कर्मी राकेश कुमार उर्फ गोल्डेन गया हुआ था। लौटने के दौरान बाइक पर गोल्डेन पासवान को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गये थे। घटना का कारण मुन्ना चौधरी के साथ जमीन का विवाद का होना बताया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मुन्ना चौधरी को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। लेकिन अन्य अपराधी घटना के बाद से ही फरार है अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। परिजन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धड़े बैठी है। पुलिस के कान तक जूं भी नहीं रेंग रही है। बता दें कि मृतक गोल्डेन पासवान दो वर्षों से सिविल कोर्ट में कार्यरत था।